2020

HINDI — GENERAL

Paper : GE/CC-3

(Aadhunik Hindi Kavita)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'संध्यासुंदरी' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) गुप्त जी की दार्शनिक उद्‌भावना पर प्रकाश डालिए।

(घ) नागार्जुन की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' कविता के आधार पर जयशंकर प्रसाद की राष्ट्रीय भावना पर विचार कीजिए।

2. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं? उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ख) 'भारत-भारती' एवं 'जूही की कली' के रचनाकार कौन हैं?

(ग) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए और उनके किसी एक काव्य-संग्रह का नाम बताइए।

(घ) किन्हीं दो छायावादी कृतियों के नाम बताइए।

(ङ) 'शासन की बंदूक' और 'हरी घासप पर क्षण भर' किसकी रचनाएँ हैं?

(च) नागार्जुन का मूल नाम लिखते हुए यह बताइये कि वे किस धारा के कवि हैं?

(छ) 'तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास' किस कविता की पंक्ति है तथा इसके कवि कौन हैं?

(ज) छायावाद के दो कवियों के नाम लिखिए।

(झ) 'नए जमाने की मुकरियाँ' के लेखक कौन हैं? और वे किस युग के रचनाकार हैं?

(ञ) 'परिमल' और 'लहर' के रचनाकार का नाम लिखिए।

3. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) 'तीन बुलाए तेरह आवें' — मुकरी का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'घिन तो नहीं आती' कविता की मूल-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'यह दीप अकेला' कविता की मूल-संवेदना स्पष्ट कीजिए।

(घ) *सप्रसंग व्याख्या कीजिए* :

इनकी उनकी खिदमत करो।
रूपया देते देते मरो।
तब आवै मोहिं करन खराब।
क्यों सखी सज्जन नहिं खिताब।

(ङ) 'ध्वनि' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।